हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 10 डिग्री

14 विकास कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं : चंद्राकर



16 लोकल आवक बढ़ने से मौसमी हरी सब्जियों के दाम कम हुए



## खबर संक्षेप

### भाठागांव में छत्तीसगढ़ी नाचा 22 को

**सिर्री।** ग्राम भाठागांव में 22 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। मौके पर ग्राम बंगोली का पंथी नृत्य होगा। रत्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए होच्चेटोला बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है।

### सराईटोला में डीजे डांस प्रतियोगिता 17 को

**नगरी।** ग्राम सराईटोला में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 17 दिसंबर मंगलवार को रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में लीना कोसम, जय मरकाम, उत्तम नेताम, मुकेश अग्रवाणी, बिहारी सोरी, शिवचरण साक्षी, परमानंद मरकाम, जेठूराम नेताम, जगराम नेताम, सोनसिंह मरकाम, रामप्रसाद नेताम, धनेश साक्षी जुटे हैं।

### चरमुड़िया में मनेगी गुरु घासीदास जयंती

**सिर्री।** ग्राम चरमुड़िया में इस वर्ष भी 18 दिसंबर बुधवार को बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई जायेगी। गांव में मेला का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति ने बताया कि पंथी दल के साथ भव्य



शोभायात्रा निकाली जायेगी। शाम 4 बजे आमाबगीचा स्थित जैतखाम में पालो व झंडा चढ़ाया जायेगा। जय सतनाम नवयुवक नया रायपुर नवागांव का पंथी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के बटरेल दुर्ग का रंगझाझर कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सतनामी समाज के सचिव चंद्रशेखर लहरे, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जोशी व संरक्षक हरिश्चंद्र जांगड़े ने दी है।

### भठेली में 18 को होंगे विविध कार्यक्रम

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली के मिनीमाता वार्ड क्रमांक 12 में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास की जयंती मनाई जायेगी। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 4 से 5 बजे तक जैतखाम में पालो झंडा चढ़ाया जाएगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सामे बाई शास्त्री दूरदर्शन कलाकार का मंगल भजन कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष अशोक चंदेल, ललित मनहरे, बलीराम कोसरिया, क्षातचंद नावले ने दी।

### कचना में पंथी नृत्य महोत्सव 19 को

**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर सतनामी समाज कचना के तत्वावधान में 18 दिसम्बर को शोभायात्रा निकाली जायेगी। दोपहर 12 बजे संतगुरू अखाड़ा धनसुली बारोडेरा धाम रायपुर की प्रस्तुति होगी। 19 दिसम्बर को पंथी नृत्य महोत्सव होगा जिसमें सतगुरु सतनाम पंथी नृत्य दल जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग, जय सतनाम सुर संगम पंथी नृत्य दल खोपली जिला दुर्ग, बालिका पंथी पार्टी सेजबाहर जिला रायपुर, बालिका पंथी पार्टी ग्राम कचना जिला धमतरी, मोर गिरौदपुरी के माटी लोक कला समिति कचना धमतरी, न्यू सत्य निर्मल धारा नवयुवक पंथी नृत्य दल ग्राम परसकोल धमधा, रंग झमाझम बालिका पंथी नृत्य दल सुखरी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि 19 दिसंबर को रात्रि में शीत बसंत नाचा पार्टी करमतरा राजनांदगांव का आयोजन होगा।

- करमतरा राजनांदगांव का नाचा कार्यक्रम होगा

### वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ बढ़ी समस्या, साइलेंट जोन में भी बज रहे हार्न

# वायु प्रदूषण के साथ बढ़ा ध्वनि प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में ध्वनि प्रदूषण लगातार बेलगाम हो रहा है। अस्पताल, स्कूल, प्रार्थना स्थल के आसपास भी डीजे, तेज आवाज वाले हार्न बज रहे हैं। पुलिस ने कुछ मामलों में कार्रवाई भी की है। इसके बाद भी ध्वनि प्रदूषण कम नहीं हो रहा है।

जिले की जनसंख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शहर की स्थिति तो और खराब है। जनसंख्या पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। जिस हिसाब से जनसंख्या में बढ़ोतरी हो रही है, उससे दोगुनी गति से वाहनों की संख्या बढ़ी है। इन वाहनों से न सिर्फ वायु प्रदूषण हो रहा है बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी काफी ज्यादा हो रहा है। खासकर किशोर और युवाओं के वाहन चलाने से ध्वनि प्रदूषण ज्यादा हो रहा है। कई गाड़ियों पर तेज आवाज हार्न लगे हैं, जो ध्वनि प्रदूषण की मात्रा को कई गुना बढ़ा रहे हैं। रफ्तार के दीवाने तंग गलियों में भी तेजी से वाहन चलाते हैं। कुछ वाहन तो काफी तेज आवाज करते हैं। इससे भी ध्वनि प्रदूषण फैल रहा है।

### दौड़ रहे खटारा वाहन

सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया है लेकिन शहर में इसका असर नजर नहीं आ रहा है। खटारा पेट्रोल वाहनों के साथ कई खटारा डीजल वाहन भी शहर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इससे ध्वनि प्रदूषण की मात्रा और बढ़ गई है। स्थिति यह है कि पुराने वाहनों की बकायदा खरीदी- बिक्री भी हो रही है। सस्ते में मिलने के कारण कई ग्राहक 15 साल पुराने वाहनों से ही काम चला रहे हैं।




### साउंड सिस्टम पर रोक नहीं

कलेक्टर के निर्देश पर तेज आवाज वाले डीजे और अन्य साउंड सिस्टम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उधर शादियों का सीजन शुरू हो गया है। गांव से लेकर शहर तक शादियों में तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम बज रहे हैं। ठंड का मौसम होने के कारण साउंड और तेज महसूस हो रहा है। इसके अतिरिक्त गांवों में कई लोगों ने ट्रैक्टरों में तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम लगा रखा है, जिसकी आवाज पूरे गांव में गूंजती है।

### नहीं बढ़ी सुविधाएं

शहर में वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ चुकी है। इसके अनुपात में शहर में ट्रैफिक सुविधाएं नहीं बढ़ी हैं। कुछ सड़क तो सालों पुराने हैं। आवाजाही कई गुना बढ़ जाने के कारण इन मार्गों पर आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। उधर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए भी शासन के पास कोई ठोस पॉलिसी नहीं है। गाड़ियों की खरीदी पर भी कोई लगाम नहीं है। शहर के नागरिक नीलकंठ जाधव, ईश्वर साहू ने बताया कि विदेशों में प्रत्येक परिवार या व्यक्ति द्वारा वाहन रखने के लिए एक निश्चित संख्या निर्धारित है, लेकिन हमारे यहां ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। कोई भी व्यक्ति कितनी भी गाड़ियां रख सकता है। कोई पाबंदी नहीं है।

# 4 मिलर्स की बैंक गारंटी के 6.10 करोड़ रूपए राजसात



- कोचियों का 55 प्रकरण दर्ज कर 4 हजार 930 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में कुल 1 लाख 28 हजार 410 किसान पंजीकृत हैं। जिला खाद्य अधिकारी बीएस कोर्राम ने बताया कि 13 दिसंबर तक कुल 26 लाख 89 हजार 460 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। वहीं 178 पंजीकृत राइस मिल हैं। धान की अनुबंध मात्रा 92 लाख 40 हजार 376 क्विंटल है तथा मिलर्स को जारी डीओ की मात्रा 3 लाख 16 हजार 340 क्विंटल एवं मिलर्स द्वारा धान उठाव 1 लाख 45 हजार क्विंटल है। इसी तरह कोचियों का 55 प्रकरण दर्ज कर 4 हज़ार 930 क्विंटल धान जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 3 मिलर्स के विरुद्ध कार्रवाई कर काली सूची में दर्ज किया गया है। 4 मिलर्स की बैंक गारंटी के 6.10 करोड़ रूपए की राशि राजसात की गई है।

# गोकुलपुर में ढहाए गए अवैध निर्माण

- अवैध निर्माणकर्ताओं पर निगम की सख्ती, जेसीबी से गिराया लेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गोकुलपुर वार्ड में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की। स्कूल के सामने बनाए जा रहे दो निर्माणाधीन अवैध कॉम्प्लेक्स और मकानों को निगम की टीम ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त पीसी सार्वा की मौजूदगी में की गई। ज्ञात हो कि निगम ने दोनों निर्माणकर्ताओं को काम रोकने और निर्माण की अनुमति दिखाने के आदेश दिए थे और नोटिस भी जारी किया था। शनिवार की सुबह 11 बजे निगम ने एक निर्माण स्थल पर काम रोका साथ ही गिट्टी को भी जब्त किया, लेकिन शाम 6 बजे और फिर रात 9 बजे अतिरिक्त श्रमिक लगाकर लेंटर का कार्य शुरू कर दिया गया। लगातार चेतावनी और रुकावट के बावजूद निर्माणकर्ताओं ने लेंटर ढालने की कोशिश की। आखिरकार रात में निगम ने जेसीबी चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया।







### शटर तोड़कर रोका दूसरी साइट पर निर्माण

दूसरी जगह चल रहे निर्माण में भी नियमों की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही थी। यहां निर्माणकर्ता शटर लगाकर काम कर रहे थे। जब निगम टीम ने दस्तावेज और अनुमति की मांग की, तो उनके पास कोई वैध कागजात नहीं थे। टीम ने पहले भी निर्माण रोकने का आदेश दिया था, लेकिन अवैध कार्य जारी रहा। इसके बाद शटर तोड़कर निर्माण को ध्वस्त किया गया।

### मनमानी पर निगम ने दिखाया सख्त रुख

उपायुक्त पीसी सार्वा ने कहा कि बार-बार चेतावनी के बावजूद निर्माणकर्ताओं की मनमानी न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह निगम की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहा था। इस कार्रवाई का उद्देश्य यह था कि अवैध निर्माणकर्ताओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी और सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### दस्तावेज न होने और अनुमति न लेने पर हुई बड़ी कार्रवाई

दोनों निर्माणकर्ताओं से बार-बार जमीन संबंधित दस्तावेज और निर्माण की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन उनके पास कोई वैध प्रमाण नहीं थे। निगम ने पहले उन्हें काम रोकने और अनुमति लेने का समय दिया था, लेकिन उनकी मनमानी के चलते यह कठोर कदम उठाना पड़ा।

### मोहल्लेवासियों ने की थी शिकायत

गोकुलपुर वार्ड की आम जनता ने निगम की इस कार्रवाई की सराहना की है और इसे नियमों के प्रति कठोरता दिखाने वाला सही कदम बताया है। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम और पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहे।

### भाठागांव एफसीआई गोदाम के पास हुआ हादसा

# हाइवा ने बाइक सवार युवक-युवती को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में भाठागांव भखारा मोड़ एफसीआई गोदाम के पास रेत से भरा हाइवा पल्सर बाइक को पीछे से टक्कर मार उसमें बैठी युवती को रौंदते हुए निकल गया। युवती की हालत गम्भीर बताई जा रही है। वहीं चालक घायल हो गया है। दोनों को रायपुर रिफर किया गया है। पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर भखारा रोड की ओर से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीओ7741 में सवार होकर युवक -युवती आ रहे थे। तभी नेशनल हाईवे में भाठागांव एफसीआई गोदाम के पास रायपुर जाने यू- टर्न ले रहे थे। इसी दौरान करीब दो बजे महानदी से रेत भरकर कुरुद की ओर से भिलाई की ओर जाने निकले हाइवा क्रमांक सीजी 04 ए एच5417 के चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे बाइक में सवार युवती की कमर हाइवा के पहिए से बुरी तरह कुचला गई। वहीं चालक भी गिरकर घायल हो गया। हादसे को देखकर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। किसी ने कुरुद पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले नेशनल हाईवे निर्माण में लगे कर्मचारी अपने वाहन से दोनों को अस्पताल ले गए। युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है।






# मौसम बदलेगा, दो दिन में ठंड से मिलेगी राहत

**धमतरी।** मौसम फिर करवट ले रहा है। दो दिन बाद कड़ाके की ठंड से राहत मिलेगी वहीं हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार से मौसम में बदलाव होने जा रहा है। तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 4 से 5 डिग्री की क्रमिक वृद्धि होगी। 17 दिसंबर से आकाश आंशिक मेघमय रहने तथा 18 दिसंबर से दक्षिण छग के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। बताया जा रहा है कि दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। अगले दो दिन में और स्पष्ट होकर पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में तमिलनाडु तट की ओर बढ़ने की संभावना है।

# सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में मनु ने जीता सिल्वर मेडल

- फाइनल में एसएससीबी सेना के पहलवान ने किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कर्नाटक में 5 से 8 दिसंबर तक अयोजित सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के पहलवान मनु यादव ने इतिहास रच दिया है। 55 किलो ग्रीको रोमन शैली कुश्ती प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए क्वालीफिकेशन राउंड में पंजाब के पहलवान को 0-8 के स्कोर से हराया। दूसरे राउंड में पश्चिम बंगाल के पहलवान को हराया। सेमीफाइनल में कर्नाटक के पहलवान को हराकी फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल में एसएससीबी सेना के पहलवान से 6-4 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा परतु सिल्वर मैडल अपने नाम करने में सफलता हासिल की। जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष लक्ष्मण लाल साहू, संरक्षक एआर थिटे, सचिव विजय यादव, पार्षद श्रीमती श्यामा साहू, महेंद्र पंडित, ननकू महराज, बबलू यादव, नुमेश यादव, कोच टिक्की निर्मलकर, शिवा प्रधान, ईश्वर पटेल, यशवंत साहू, रामकुमार साहू, नीलमणि साहू, डॉ रामकुमार साहू, विकास सिंह ठाकुर ने खुशी व्यक्त की।




### रविवार को 5 हजार से अधिक लोगों ने की गंगरेल की सैर

# अपने-अपने अंदाज में गंगरेल पर्यटन को यादगार बना रहे सैलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार को गंगरेल पर्यटन में मिनी गोवा का नजारा दिलचस्प रहा। दूरदराज से पर्यटन के लिए पहुंचे सैलानियों ने अपने-अपने अंदाज से गंगरेल पर्यटन का लुत्फ उठाया। गंगरेल बांध के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच कोई रील बना रहा था तो कोई सेल्फी या फोटो खींचकर गंगरेल पर्यटन के यादगार पल को कैद करते दिखे।

बांध किनारे एक पत्थर पर बैठकर फैंसी टोपी लगाकर फोटो सेशन करा रही रायपुर की सुष्मिता शर्मा कहती हैं कि यहां का अथाह पानी, चारों तरफ से घिरा हरा-भरा पहाड़, पानी में फर्राटे भर रहे जेस्की, मोटर बोट, क्रूज के नजारे मन को मोह लिया। मौसम भी ऐसा है कि दोपहर 1 बजे भी धूप का अहसास नहीं हो रहा है। वह पिछले दो घंटे से मिनी गोवा के खबूसूरत पलों को यादगार बनाने फोटो खींचकर कैमरे में कैद कर रही हैं। कोल्डिंक की चुस्की के साथ मिनी गोवा का नजारा ले रही बिलासपुर की नेहा गुप्ता कहती हैं कि उसे पहली बार गंगरेल आने का अवसर मिला है। गंगरेल पर्यटन की सैर करने के बाद पता चला कि क्यों लोग गंगरेल आने का बार-बार टूर बनाते हैं। उसने मोटर बोट से गंगरेल डेम को करीब से देखा। मां अंगारमोती का आशीर्वाद लिया। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में बफे पार्टी का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा कि गंगरेल पर्यटन में विकास की काफी संभावना है। उसकी इच्छा है कि गंगरेल डेम के बीच टापू पर जाकर नाइट पार्टी करे लेकिन इसकी कोई सुविधा नहीं है।



### गंगरेल में 68 फीसदी जलभराव

गंगरेल कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 32.150 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल बांध में ग्रास लेवल पर 23.521 टीएमसी जलभराव है। वहीं उपयोगी पानी 18.456 टीएमसी जलभराव है। भिलाई नहर में 350 क्यूसेक तथा रूद्री बरॉज में 550 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। रविवार को गंगरेल बांध में क्षमता का 68.3 प्रतिशत जलभराव है।

### मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष बने कोमल सिंह ठाकुर

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल ने सर्वसम्मति से मनोनीत पदाधिकारियों का चयन किया। ट्रस्ट ने पंजीयक लोक न्यास अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 नवम्बर को पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष कोमल सिंह ठाकुर पोटियाडीह, उपाध्यक्ष शिवचरण नेताम सोरिद, सचिव देवानंद ग्राम भंवरमरा, सहसचिव भगतराम उइके ग्राम बोड़रा, कोषाध्यक्ष मनराखन ठाकुर ग्राम नवागांव का मनोनयन किया गया है।

### देवी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतार



गंगरेल का धार्मिक पर्यटन मां अंगारमोती के नाम से विख्यात है। माता के दरबार में मनोकामना की अर्जी लगाने दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। रविवार को माता के दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि माता के दरबार में अर्जी लगाने प्रदेश से ही नहीं प्रदेश से बाहर रहने वाले लोग भी पहुंचते हैं। माता सबकी बिगड़ी बनाती हैं।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



मा.नरेंद्र मोदी जी
प्रधानमंत्री भारत सरकार

मा.विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. सरकार

हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY

छत्तीसगढ़ में हरिभूमि ही ऐसा अखबार है,
जिसकी पहुंच दूरस्थ ऐसे अंचलों तक है जहां पहले अखबार नहीं पढ़ा जाता था।
अपने निष्पक्ष खबरों के आधार पर
शासन-प्रशासन की कार्यवाहियों के लिए हमेशा सजग प्रहरी की भूमिका में दिखते आ रहा है। यह अखबार अपने स्थापना से लेकर अब तक हमेशा हर वर्ग के लिए हर वर्ग के बराबर खबरें परोसती आ रही है।
हरिभूमि एक परिवार का अखबार है,
क्योंकि परिवार के हर सदस्य को आवश्यकता के अनुरूप सामग्री परोसकर अपनी एक पहचान निर्मित की है।



मैं अजय चंद्राकर, जनसेवक कुरूद हरिभूमि रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस के अवसर पर कड़ी मेहनत, रणनीति और दूरदर्शिता के साथ
काम करने वाले सभी पत्रकारों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई ज्ञापित करता हूं।

अजय चंद्राकर
पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
विधायक कुरूद

---

हरिभूमि रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
- शुभेच्छु -
संयुक्त शिक्षक संघ एवं संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद
जिला धमतरी (छ.ग.)

पुरुषोत्तम निषाद
अध्यक्ष मेडिकल रिलीफ फंड

हुमन चन्द्राकर
ब्लाक अध्यक्ष कुरूद

---

हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

लालाराम चंद्राकर
जिलाध्यक्ष

रमन साहू
ब्लाक सचिव

- शुभेच्छु -
भारतीय किसान संघ छ.ग. प्रदेश
जिला धमतरी (छ.ग.)

ठाकुरराम साहू
जिला राजस्व प्रभारी

प्रदीप चंद्राकर
कोषाध्यक्ष

---

हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

लुकेशराम साहू – ब्लाक अध्यक्ष
फालेश्वर कुर्रे – कोषाध्यक्ष
हेमलाल साहू – सचिव
हुलेश चंद्राकर – प्रांतीय प्रवक्ता
दौलत ध्रुव – जिलाध्यक्ष
शिप्रा कन्नौजे – अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ
रूपेश्वरी साहू – सदस्य महिला प्रकोष्ठ
अवधराम यादव – कार्यकारी अध्यक्ष
शंकरदास मानिकपुरी – सहसचिव
रामेश्वर साहू – ब्लाक प्रवक्ता

- शुभेच्छु -
छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक / समग्र शिक्षक फेडरेशन, ब्लाक इकाई, कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

---

हरिभूमि रायपुर संस्करण
के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



# प्रदीप हॉस्पिटल

नेशनल हाइवे 30, कुरूद रोड, कुरूद, धमतरी छ.ग. मो 9981107366

जनरल सर्जरी : हार्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
स्त्रीरोग : बच्चेदानी की गांठ, सूजन एवं बांझपन, प्रसुति डिलीवरी, सिजेरियन, सेक्सन
शिशु रोग : छोटे बच्चे की सर्जरी एवं इलाज
यूरोलॉजी : प्रोस्टेट पथरी, सिकुड़न, नपुसंकता
हड्डी रोग : फैक्चर, चोट, पाव

सुविधाएं : 4 डी सोनोग्राफी और डिजिटल एक्सरे, 60 साल से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के लिए परामर्श, सोनोग्राफी एवं एक्सरे सुविधा मुफ्त। इसके अलावा एक्सरे, सोनोग्राफी, आधुनिक पैथोलॉजी लैब, कोल्पोस्कोपी, हिस्टेरोस्कोपी, मेडिकल एवं एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है।

आयुष्मान कार्ड से मरीजों का ईलाज उपलब्ध है।



डॉ. प्रदीप साहू
MBBS, MS, MCH

---

संकलनकर्ता - यशवंत गंजीर हरिभूमि संवाददाता, कुरूद ( धमतरी )
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर : 9826882770




# हरिभूमि

रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हमेशा प्रगति पथ पर अग्रसर रहे













## खबर संक्षेप

### मुरा के हरीश का बीएसएफ में चयन



**जीजामगांव।** ग्राम मुरा के हरीश साहू पिता स्व. पुनऊ राम साहू का बीएसएफ में चयन हुआ है। इससे परिवार समेत ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ज्ञात हो कि ग्राम मुरा से भारत माता की सेवा के लिए पांचवें जवान के रूप में हरीश तैनात होगा। उनके पहले खुमान साहू पुलिस, देव प्रकाश साहू सीआरपीएफ, रामेन्द्र साहू इंडियन आर्मी, कल्याणी साहू सीआरपीएफ का चयन देश की रक्षा में हुआ है। हरीश के बीएसएफ में चयन होने पर राकेश साहू, टुम्मन साहू, रामकुमार, दुलारू, डाहु राम, शत्रुहन साहू, सोमू साहू, अमित साहू, सुनील साहू, एसकुमार, भानु, लोकनाथ, गोविन्द, महेश नगार्ची, खेमचंद यादव, ओमेश्वर, रघु, सागर, गुनेश्वर, वासु, अजय, नोमेंद्र, कार्तिक, गुलशन, हसन, गीतांशु, शीतल, लालनी, कल्याणी, भूमिका, वीणा, संध्या, रागिनी, करुणा ने हर्ष जाहिर किया है।

## निधन

### पारस साहू



**सांकरा।** ग्राम सांकरा छिंदपारा निवासी पारस साहू 37 वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। वे नारायण साहू के पुत्र एवं नंदू साहू के भाई थे।

### मदनलाल सेन




**धमतरी।** आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के प्रधान अध्यापक, साहित्यकार व मंच संचालक मदनलाल सेन का 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे दुर्गेश, अर्पण सेन के पिताजी थे। उनके निधन पर घनश्याम सिंह साहू, झुमुकलाल गुहा समेत अनेक लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

विधायक ने गोजी में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

# विकास कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





ग्राम पंचायत गोजी में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद ने किया। विशिष्ट अतिथि गौकरण साहू विधायक प्रतिनिधि कुरूद, तामेश्वरी साहू जनपद सदस्य कुरूद, लोकेश साहू जनपद सदस्य, पुष्पेंद्र साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष सिर्री, वीणा जयमित्र साहू पूर्व सरपंच गोजी, ठाकुर राम साहू पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, बरातू साहू ग्रामीण अध्यक्ष गोजी, तुकाराम साहू ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष, ईश्वरी तारक, सागर साहू,गोविंद साहू, तेजराम साहू, धनसिंग साहू थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि ग्राम गोजी में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। यहां बुनियादी जरूरतों के साथ ही सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। आगे कहा कि गोजी के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहेगी। सरपंच थानेश्वर तारक ने कहा कि गांव में विकास कार्यों की झड़ी लगाकर नगर में तब्दील करना चाहते हैं। यहां के ग्रामीण किसी प्रकार की सुविधाओं से वंचित न रहे। यह प्रयास रहेगा। वह गांव के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।

सुबह 10 बजे से 1 बजे तक मोर संगवारी छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच कुरूद की प्रस्तुति हुई जिसे देखने दर्शकों की भीड़ रही।

मौके पर बरातू राम साहू, देवलाल पाल, तुकाराम साहू, रामनाथ साहू, धनसिंग साहू, श्रवण साहू, ठाकुर राम, गौकरण, लक्ष्मण, इंदु साहू, नंदकुमार, भूषण, गोविंद, योगेश साहू संकरी, मोहन, द्वारिका उपस्थित थे। मंच संचालन सरपंच थानेश्वर तारक एवं इंदु साहू उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने किया।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में 11.69 लाख, आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में 6.45 लाख, माध्यमिक शाला से ज्ञानिक घर तक वृक्षारोपण कार्य 6 लाख, कैलाश घर से चुम्मन घर तक वृक्षारोपण कार्य 3 लाख, माध्यमिक शाला से चुम्मन घर तक पाइपलाइन विस्तार 1 लाख, माध्यमिक शाला से चुम्मन घर तक की स्ट्रीट लाइट, भुवनेश्वर घर से पक्की नाली निर्माण 2 लाख, शौचालय निर्माण 0 .50 लाख ,केशव घर से रिखी घर तक सीसी रोड 3 लाख, रिखी घर से नंदलाल घर तक 1 लाख व कृष्ण घर से विष्णुदेव खेत तक पक्की नाली निर्माण 5.10 लाख, वासुदेव घर से शिवनंदन घर तक पक्की नाली निर्माण 2 लाख, विष्णु खेत से दादू खेत तक पक्की नाली निर्माण 3 लाख, मोहन घर से कन्हैया घर तक पक्की नाली निर्माण 4 लाख, सार्वजनिक शेड निर्माण भाटापारा 6 लाख ,सामुदायिक बुनकर भवन 6.90 लाख, रंगमंच नया बाजार चौक 2 लाख के कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया।

### 20 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

इस दौरान भिनेश्वरी, कमलनारायण, भारती, महेश बैगा, कृष्णकुमार उपसरपंच, लिकेश साहू, खुमान, उत्तम, चित्ररेखा, गिरजा, महेश्वरी, तरुण, गीतांजलि, द्वारिका, बिसेलाल, गणेश्वर, महेश्वरी, राम्हीन ने कुरूद विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। वहीं गोजी के वरिष्ठजन द्वारिका, लक्ष्मण, गोविंद, दुखवा, समारू, दादूराम, सालिक राम, लक्ष्मण, प्रेमलाल, तुलसी को गमछा, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। 10 स्वच्छता दीदियां भी सम्मानित हुईं।

## 10 किमी दौड़ में वेदोमती-चंद्रिका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



1971 भारत-पाक युद्ध विजय दिवस के अवसर पर नया रायपुर सोल्जराथन का आयोजन फेडरल बैंक एवं छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व थलसेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह थे। 3, 5, 10 एवं 21 किलोमीटर की मैराथन दौड़ हुई।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के पूर्व सैनिक एवं संगठन द्वारा संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र बोरिया खुर्द एवं अभनपुर के 100 प्रशिक्षणार्थी बच्चों ने भी भाग लिया। 10 किलोमीटर दौड़ में कुमारी वेदोमती यादव एवं कुमारी चंद्रिका यादव ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें जनरल वीके सिंह एवं कोसा कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद ने नकद राशि एवं मोमेंटो से सम्मानित किया।

प्रशिक्षक नायक योगेश साहू एवं नायक कमल नारायण मिश्रा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर संतोष साहू प्रांतीय कोषाध्यक्ष, नायक योगेश साहू प्रांतीय सचिव, नायक रवि साहू प्रांतीय संयोजक, नायक जितेंद्र मौर्य, नायक कमल नारायण मिश्रा, हवलदार ईश्वरी लाल गायकवाड़, सूबेदार रोहित कुमार साहू, नायक मूर्तिलाल साहू, नायक चंद्रा, श्रीमती विश्वमोहिनी साहू, श्रीमती शांता मौर्य मौजूद थे।

### जोरातराई सि. स्कूल में हुआ न्योता भोज

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई सि के कक्षा 7वीं की छात्रा नूतन साहू के जन्मदिन पर डा. वेदराम साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई सि के छात्र-छात्राओं को न्योता भोज में खीर पूड़ी, बड़ा के साथ कद्दू की सब्जी खिलाई। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सुदामा साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक चंद्रशेखर साहू, स्टाफगण कुलेश्वर साहू, अनुभव सोनबेर, सनत साहू, हिलेश साहू, मीनाक्षी खिल्लारी, संगीता, सफाई कर्मी विनोद, दयानंद साहू, रसोइया सहायिका शिवकुमारी साहू, जगोती यादव, जमुनाबाई साहू, अश्वनी साहू मौजूद थे।

## देश सेवा के लिए घठुला के चार युवाओं का चयन, ग्रामीणों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम घठुला के डिगेश निषाद पिता जगमोहन निषाद का अग्निवीर, देव ओरसा पिता कृष्णा ओरसा का सीआरपीएफ, कामता देव पिता फनेन्द्र देव का आईटीबीपी, अभिषेक देव पिता जगमोहन देव का बीएसफ के लिए चयन हुआ है। उनकी कामयाबी पर लोगों ने स्वागत किया। चयनित युवाओं ने बताया कि देश सेवा की भावना उनमें बचपन से कूट-कूट भरी थी। पढ़ाई के साथ शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दिया। खेलकूद में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ठंड, बारिश के दिनों में भी तड़के सुबह उठकर कई किलोमीटर तक रोज दौड़ लगाते थे। बच्चों की कामयाबी पर उनके माता पिता सहित ग्रामीणों ने देश सेवा में समर्पित होकर काम करने के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान इन चारों जवानों व उनके माता-पिता का सम्मान किया गया। मौके पर उपसरपंच मोनू साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष बीरेंद्र मिश्रा, परमेश्वर साहू, नरोत्तम साहू, शत्रुघ्न साहू, देवनाथ निषाद, विनोद सूर्यवंशी, बंटी साहू, आसकरण निषाद, दूजराम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



### जोरातराई स्कूल में शौचालय निर्माण के लिए भूमिपजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम पंचायत जोरातराई (अंवरी) की प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नंदकुमार बनपेला, सरपंच खिलावन पाल, शिक्षाविद मानसिंह साहू, प्रधानपाठक गंगाप्रसाद साहू, महेंद्र साहू, होचंद टांडे, पुष्पा ठाकुर समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## छग सरकार की उपलब्धियों पर पचपेड़ी स्कूल में हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर संकुल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला विकास समिति अध्यक्ष गणेश जगपाल ने सरकार की जनहित योजनाओं के बारे में बताया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार कोसरे ने महिलाओं, किसानों एवं छात्राओं से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना, किसान समृद्धि योजना, पीएम आवास योजना, धान खरीदी योजना एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गुलजार राम साहू, सदस्य संतोष यादव, आनंद विश्वकर्मा, खिलेन्द्र गजेंद्र, देवीचंद जैन, कृष्णा साहू, लोकेश साहू, होलाराम साहू, हितेंद्र साहू, भगवती साहू, लिकेश साहू, खेमलाल साहू, मोहर सिंह साहू, नंदकुमार साहू, ओम प्रकाश रात्रे संकुल समन्वयक पचपेड़ी, खिलावन राम साहू प्रधानपाठक कन्या माध्यमिक शाला, कैलाश साहू समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पीएम साहू व आभार प्रदर्शन विनोद कुमार ठाकुर प्रधानपाठक माध्यमिक शाला ने किया।

## रंगोली में एकता-सिमरन एवं फैंसी ड्रेस में चांदनी-भूमिका अव्वल रही

- बेलौदी स्कूल में सुशासन दिवस पर हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





संकुल केंद्र हायर सेकेण्डरी बेलौदी में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम हुए। विदित हो कि छग शासन के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान लोगों को शासन की उपलब्धियों और अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि उमेंद राम साहू शाला समिति अध्यक्ष, घनश्याम साहू विधायक प्रतिनिधि थे। इस अवसर पर अतिथियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों के लिए रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, क्विज, पोस्टकार्ड, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्विज में हायर सेकेण्डरी से लीलिमा प्रथम, चित्ररेखा द्वितीय मिडिल स्कूल बेलौदी प्रथम, मिडिल स्कूल हरदी द्वितीय रहे। रंगोली में प्राथमिक शाला बेलौदी की एकता प्रथम, मिडिल स्कूल हरदी की सिमरन प्रथम, हायर सेकेण्डरी बेलौदी की संजना द्वितीय और इन्द्रमण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में माध्यमिक शाला बेलौदी की सरिता बंजारे प्रथम, हिमांशु द्वितीय, हायर सेकेण्डरी से दिव्या निषाद प्रथम पर रहीं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल हरदी की चांदनी प्रथम, मिडिल स्कूल बेलौदी की तारिणी द्वितीय, हायर सेकेण्डरी बेलौदी की भूमिका प्रथम रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में डुमेश प्रथम और हिना द्वितीय स्थान पर रहीं।

मौके पर हायर सेकेण्डरी स्कूल के व्याख्याता टीआर साहू, एसके साहू, पी. कंवर, सोफिया सैनिक, हाईस्कूल खैरझिटी के व्याख्याता टीके साहू, संतोष सिन्हा, मिडिल प्राथमिक स्कूल बेलौदी के शिक्षक कोमेश साहू, गैंदलाल साहू, मिडिल स्कूल खैरझिटी से सीमा साहू, ओमप्रकाश साहू, प्राथमिक शाला खैरझिटी से मनोज साहू, नोहर सिंह, मिडिल प्राथमिक स्कूल हरदी से भूषण जागनायक, भेखराम नागार्ची, अशोक साहू, सबिता साहू, केशर, इंदेश्वरी, प्रमिला कंवर, रेमन धृतलहरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम साहू संकुल समन्वयक और आभार प्रदर्शन हायर सेकेण्डरी बेलौदी के संकुल प्राचार्य अशोक पटेल ने किया।

## दयाराम बने कल्लेमेटा बूथ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर बूथ गठन कर बूथ अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया सम्पन्न की गई । इसी के तहत ग्राम कल्लेमेटा बूथ क्रमांक 142 में अध्यक्ष, सचिव अन्य प्रमुख सदस्य का गठन चुनाव अभियान प्रभारी रामगोपाल साहू, बंशी सोरी का मौजूदगी में किया गया। बूथ अध्यक्ष दयाराम मरकाम, सचिव भारत मरकाम, बीएलए 2 अशोक मरकाम, युवा प्रमुख युकेश कुंजाम, महिला प्रमुख पूर्णिमा, वॉट्सएप प्रमुख रूपेद्र कुमार, मन की बात प्रमुख सियाराम मरकाम, स्वच्छता प्रमुख मनोज निर्मलकर, मोटर सायकल प्रमुख धर्मेंद्र मरकाम, छह कार्यक्रम प्रमुख महावीर गुप्ता, सामाजिक प्रमुख चैनसिंग, दीपकमल प्रमुख सुरजन सिंग, लाभार्थी प्रमुख भोला शर्मा, पन्ना प्रमुख महेंद्र यादव बनाये गये। सदस्यों में शांतनु, हरीश देवागन, किशुन राम, रमेश देवागन, डिगेश यादव, माधुरी, रुखमती, पूजा सिन्हा शामिल हैं।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400
धमाका ऑफर
डिलीवरी सुविधा उपलब्ध
राजनीतिक कार्य वजीब दाम में

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



हरिभूमि रायपुर संस्करण
के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
मृत्युंजय कर
अध्यक्ष : बंगाली समाज धमतरी


हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हमेशा प्रगति पथ पर अग्रसर रहे
संकलनकर्ता : उमेश सिंह बशिष्ट ब्यूरो चीफ हरिभूमि धमतरी
98261-14710
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
योगेश गांधी
समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता


योगेश शर्मा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष
एवं उनकी टीम की ओर से
हरिभूमि परिवार को 23वें स्थापना दिवस
की
लख-लख बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत : समस्त कार्यकर्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर


हरिभूमि रायपुर संस्करण
के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
विनय देवांगन
अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी
ब्रजलाल देवांगन
कोषाध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी
डॉ. जयलाल देवांगन
महासचिव जिला देवांगन समाज धमतरी
शुभेच्छु : समस्त देवांगन समाज जिला धमतरी


हरिभूमि
रायपुर संस्करण
के
23वें स्थापना दिवस
की
हार्दिक
बधाई
शुभकामनाएं
: शुभेच्छु :
छ.ग. डिप्लोमा
इंजीनियर्स एसोसिएशन
जिला धमतरी
इंजी. गिरीश सोनी अध्यक्ष
छ.ग. डिप्लोमा इंजी.एसो.जिला धमतरी
इंजी. सुरेश देवांगन वरिष्ठ उपाध्यक्ष
छ.ग. डिप्लोमा इंजी.एसो.जिला धमतरी
इंजी. आदित्य चन्द्राकर कोषाध्यक्ष
छ.ग. डिप्लोमा इंजी.एसो.जिला धमतरी


।। जय सांई राम ।।
छोटा शिरडी धाम सांई मंदिर
सांई दरबार-कुकरेल
की ओर से
हरिभूमि रायपुर संस्करण
को 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
: विनीत :
श्री सांई सेवा एवं विकास समिति छोटा शिरडी धाम, सांई मंदिर कुकरेल
संचालक : डॉ. संजय-सुलेखा तिवारी, श्री सांई हर्बल क्लीनिक
श्री सांई आरोग्यम, श्री सांई मेडिकोज कुकरेल 81207-17020

**खबर संक्षेप**

## आज से अमृतेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**कुरूद।** भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट कुरूद के तत्वावधान में विनायक सिटी कुरूद में सोमवार से श्री अमृतेश्वर महादेव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में होने वाले इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस 16 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ इसका शुभारंभ होगा। शोभायात्रा नगर की आराध्य देवी मां चंडी मंदिर से प्रारंभ होगी और पुराना बाजार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक, सांधा चौक होते हुए यज्ञ पूजा स्थल विनायक सिटी मंदिर प्रांगण कुरूद पहुंचेगी। अगले दिन 17 से 25 दिसंबर तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत प्रतिदिन विभिन्न आयोजन होंगे। प्राण-प्रतिष्ठा 25 दिसंबर को शुभ मुहूर्त में संपन्न होगी। इसकी तैयारी में आयोजन से जुड़े लोग जुटे हुए हैं।

## गुजराती समाज के कीर्ति शाह अध्यक्ष बने





**धमतरी।** श्री गुजराती समाज धमतरी की नवीन कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया हेतु सामान्य सभा की बैठक गुजराती समाज भवन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 से 2027-28 तक के लिए कार्यकारिणी, विशेष सदस्य एवं महिला प्रतिनिधियों का चयन निर्विरोध किया गया। अध्यक्ष कीर्ति शाह, उपाध्यक्ष राकेश लोहाना, जगदीश मेहता, सचिव संदीप राठौर, सहसचिव आशित त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष मोहित ठक्कर बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में संतोष शाह, राजेन्द्र हरखानी, विरेन्द्र राठौर, कमलेश सोनी, किशोर गंभीर, मनहर गांधी, नरेश आथा, दिलीप मेहता, ललित माणेक शामिल हैं। विशेष सदस्य दिनेश अंबानी, केतन रायचुरा, अनिल गांधी, संजय राठौर, मुकेश रायचुरा, राजेश रायचुरा, हरि कटारिया, योगेश गांधी तथा मनोज राठौर, महिला प्रतिनिधि श्रीमती नलिनी बेन सोनी, श्रीमती शांतिबेन दामा होंगे।

### इतवारी बाजार अपडेट : मूली, लौकी 20 तो टमाटर, केला, पत्तागोभी 30 रुपए किलो बिका

# लोकल आवक बढ़ने से मौसमी हरी सब्जियों के दाम कम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शीत ऋतु में बाजार में मौसमी सब्जियों की बहार आ गई है। दाम कम होने से उपभोक्ता प्रसन्न हैं वहीं सब्जी व्यवसायियों का मुनाफा बढ़ गया है। सब्जी व्यवसायी प्रदीप सोनकर का कहना है कि थोक मंडी सहित शहर के सभी बाजारों में बाहरी आवक के साथ-साथ लोकल आवक बढ़ गई है। आसपास के गांवों की हरी सब्जियां शहर पहुंचने लगी हैं। इससे रेट कम हो रहे हैं। दिसंबर के आखिरी दिनों में रेट और गिर सकते हैं जो फरवरी तक कायम रहेगा। शीत ऋतु में सभी सब्जियों का उत्पादन बढ़ जाता है। सिंचाई के साथ खाद दवाई का खर्च कम हो जाता है। मौसम अनुकूल रहने से उत्पादन बढ़ जाता है। सभी तरह की सब्जियों का एक साथ बाजार आने से उठाव कम हो जाता है और रेट गिरने लगता है। इधर उपभोक्ता भी प्रसन्न हैं कि कम कीमत में उन्हें थैला भर सब्जियां मिल रही हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के दाम कम होने से चेहरे मुस्कान नजर आई। कम बजट में खरीदारी भी खूब की। सब्जी विक्रेता किसन पटेल ने बताया कि रविवार को मूली, लौकी 20 रूपए किलो बिका। भटा, कुम्हड़ा, टमाटर, केला, पत्तागोभी 30 रूपए किलो रहा। सेमी, गाजर, कुंदरू, गोभी, मिर्च, डोड़का, नवलगोल 40 रूपए किलो बिका। मेथी भाजी, करेला, बरबटी, तोराई, कोचई, शिमला मिर्च, परवल 50 रूपए किलो रहा। भिंडी, ग्वारफली 60 तो अदरक, धनिया, ढेंस, कटहल 80 रूपए किलो में बिका। हाईब्रिड मुनगा 100 रूपए तो देशी मुनगा 200-250 रूपए किलो रहा।

सब्जी उत्पादक किसान नरेश पटेल, गोविंदी बाई पटेल का कहना है कि सब्जी सस्ती होने से लागत मूल्य नहीं निकल रहा है। सब्जियों के साथ साथ हरी पत्तीदार भाजी पालक, चौलाई, बथुआ, लालभाजी, प्याज भाजी के दाम गिर गए हैं।

### आलू-प्याज के दाम 5 रूपए गिरे

हरी सब्जियों के साथ-साथ आलू-प्याज के दाम भी कम हो रहे हैं। नई फसल आने की वजह से आलू अब 35 रूपए किलो बिका। प्याज 55 रूपए किलो रहा जो बीते सप्ताह के मुकाबले 5 रूपए कम हुए हैं। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को शक्कर 42, गुड़ 48, हल्दी 150-170, मिर्च 210-300, धनिया 100, जीरा 300, लहसुन 350, काली मिर्च 780, रिफाइंड तेल पाउच 140, सरसों 75, मेथी 80, राहर दाल 160, मूंग दाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना 85, काबुली 120, सफेद मटर 60, हरा मटर 100, चना दाल 100, पोहा 55 रूपए किलो रहा। अंडा इस सप्ताह 84 रूपए दर्जन रहा।

## सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में हुआ हरदिहा साहू समाज भवन का लोकार्पण



■ भवन समाज के विकास और उत्थान के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा : विजय देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में हरदिहा साहू समाज भवन का लोकार्पण महापौर विजय देवांगन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, पार्षदद्वय लुकेश्वरी सुरेंद्र साहू, पार्षद श्याम लाल नेताम ने किया। इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि यह भवन समाज के विकास और उत्थान के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। समाज को एकजुट करने, शिक्षा, संस्कार और अन्य सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे भवनों की आवश्यकता है। यह भवन समाज के हर व्यक्ति को अपनी संस्कृति और परंपरा को समझने और आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि यह भवन समाज के लिए एक संपत्ति की तरह है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिलेगा। पार्षद लुकेश्वरी साहू ने कहा कि यह भवन केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि यह समाज की एकता और समृद्धि का प्रतीक है। समाज के लोग अब इस भवन का उपयोग समाजिक कार्यों, बैठकें और अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए कर सकेंगे।

पार्षद श्याम लाल नेताम ने कहा कि इस भवन के बनने से समाज को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान पंचराम, उमराव, बिसाहू राम, उदयराम साहू, ललित, धनंजय, लेखराम, नरोत्तम, देवीप्रसाद, संतोष, विनोद, तुलसी राम, चिंताराम साहू, नरेंद्र साहू, नर्मदा बाई साहू, प्रेम बाई, कौशल साहू, किशोर साहू, सेवक राम साहू, रामायण साहू,चमेली बाई सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## 18 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





समीपस्थ ग्राम नवागांव (उ) में दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल महोत्सव का शुभारंभ 14 दिसंबर को प्राथमिक शाला प्रांगण में हुआ। शुक्रवार को कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 18 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल एवं बैटमिंटन प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया गया। वॉलीबॉल का पहला मैच जोरातराई वर्सेज अभनपुर के बीच खेला गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मो. अकरम खान सचिव छग वॉलीबॉल एसोसिएशन थे। अध्यक्षता हेमप्रकाश नायक प्रदेश उपाध्यक्ष छग वॉलीबॉल एसोसिएशन ने की। विशिष्ट अतिथि भोजराज चंद्राकर जिलाध्यक्ष वॉलीबॉल एसोसिएशन धमतरी, शेख मेहबूब वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी, सुभाष कादर सचिव वॉलीबॉल एसो. धमतरी, यमित चंद्राकर वरिष्ठ खिलाड़ी, मोहनदास मानिकपुरी थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या खेलप्रेमी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### छग महतारी कालेज में मानव अधिकार दिवस मना

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। प्राध्यापक एमएस साहू ने मानव अधिकार पर जानकारी दिये। संस्था प्रमुख डॉ एसके साहू ने कहा कि आज वास्तव में मानव अधिकार का हनन कर रहा है। उसी अधिकार को हमको समझना और जानना है जिससे हम अपने अधिकार के लिए लड़ सके। अतिथियों ने मानव अधिकार के मौलिक कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अध्यापक टीके साहू ने किया।

## फेडरेशन ने किया सेवानिवृत्त मगर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला धमतरी ने कर्मचारी भवन में समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव लक्ष्मणराव मगर का सम्मान किया। समारोह में फेडरेशन पदाधिकारी, विभिन्न संघ के प्रांतीय अध्यक्ष, विभिन्न संघ के जिला अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने श्री मगर के साथ गुजारे पलों को साझा किया गया।

श्री मगर ने अपने कार्यकाल से लेकर फेडरेशन में किए गए कार्यों का विवरण रखा। मौके पर दीपचंद भारती प्रांताध्यक्ष, ममता खालसा प्रांताध्यक्ष, मुकेश पाण्डेय संरक्षक, राजेंद्र चंद्राकर जिला सलाहकार, चंदूलाल चंद्राकार जिला संयोजक, दयालुराम साहू सह संयोजक, खुमान सिंह ठाकुर जिला प्रवक्ता, अमित महोबे जिला सचिव, एनआर टंडन कोषाध्यक्ष, महेंद्र कुमार साहू,, डोमार सिंह ध्रुव, अशोक निर्मलकर, पुरुषोत्तम निषाद, दयाराम साहू, एनके साहू, नवीन चंद्राकर, हर्षल मोहिते, गिरीश जायसवाल, वेदप्रकाश ताम्रकार, सुरेंद्र साहू, विजय गेंदरे, अशोक साहू, एपी साहू, एनके साहू, कृष्णा राम साहू, प्रदीप सिन्हा, सुनीता यादव, हरीश सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, अनमोल रत्न पाइक, संजय चंद्राकर, कृपाशंकर मिश्रा उपस्थित थे।

### भखारा भठेली में शहीद वीर नारायण सिंह को किया नमन

**धमतरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली में वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामगोपाल देवांगन ने शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता की ठाकुरराम नेताम ने की। मंच संचालन सुग्रीव नेताम व आभार व्यक्त होमन सिंह कतलम ने किया।




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 22 दिसंबर 2024, 12 जनवरी 2025, 19 जनवरी 2025, 16 फरवरी 2025, 13 मार्च 2025, 13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


### मानव कल्याण के लिए प्रभु के संदेशों को किया प्रसारित

# ईसा मसीह के जन्मोत्सव से पहले निकली क्रिसमस रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





ईसा मसीह के जन्मोत्सव से पहले रविवार को ईसाई समुदाय ने शहर में क्रिसमस रैली निकाली। रैली दोपहर 3 बजे सुंदरगंज चर्च से प्रारंभ हुई जो नेशनल हाईवे मार्ग से होते हुए रत्नाबांधा चौक, मकई चौक गोलबाजार, मठमंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, तहसील आफिस चौक, रमसगरी गार्डन बनियापारा शिवचौक होते हुए पुनः सुंदरगंज चर्च में समाप्त हुई। रैली में मानव कल्याण के लिए प्रभु यीशु द्वारा दिए गए संदेशों को प्रसारित किया गया। सेंटा क्लाज की वेशभूषा धारण किए हुए युवाओं ने बच्चों को चाकलेट बांटी। समाज के लोगों ने प्रभु यीशु से शहर सहित प्रदेश-देश की सुख-समृद्धि की कामना की। रास्ते में विभिन्न संगठनों द्वारा रैली का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर समाज के आर.पीटर, राजू बी वर्गिस, पास्टर सीके भेलवा, रेव्ह डॉ. डायमंड फिलस, डेविस जान, रेव्ह आशीष कुमार मिलाप, पीपी , पास्टर जेम्स राम, पास्टर प्रीतम मसीह, पास्टर संतोष, पास्टर थानूराम, पास्टर शिमोन नारंग, पास्टर आलोक मजूमदार, पास्टर संजीव बघेल, पास्टर पहल सिंग, सेवक अनिल राघवा, सेवक किरण जानसन, सेविका शैलजा सोनवानी, श्रीमती ईडी मसीह, श्रीमती सपना पाल, श्रीमती सीमा राघवा, श्रीमती स्वाति सोनवानी, अवंतिका सोनबेर, शालिनी बंशी, सुनीता विलियम्स, जैकलीन मसीह, विनिता दास, योगेश लाल, अनिल, नरोत्तम, राकेश सालोमन, स्वप्निल सोनवानी, सर्वेश नाथन, अमन मिर्जा, अर्पित नेताम, जीतू मसीह, सिवत ख्रिष्टी, अमित नाथ, अमित नेताम मौजूद थे।

## योग से कई बीमारियों का इलाज






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय योग संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन रूद्री रोड में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग के माध्यम से मोटापा और मधुमेह के रोग का निवारण बताया गया।

मुख्य प्रशिक्षिक भारतीय योग संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रभारी मुकेश सोनी रायपुर ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। गायत्री मंत्र के साथ ध्यान कराया गया। प्रश्नोत्तरी काल में प्रश्नों का जवाब भी दिया गया। बताया कि भविष्य में धमतरी में योग का कार्यक्रम नियमित रूप से प्रारंभ किया जाएगा। उनके साथ सहयोगी के रूप में राजेश डागा, राजेश अग्रवाल, श्रीमती वंदना आहूजा के साथ रायपुर केआर साहू ,पद्मिनी साहू भी मौजूद थे। इस आयोजन में हीरालाल गजेन्द्र, केके साहू, एम एल साहू, केआर पारस जैन, दीपक लखोटिया, डॉ. भूपेन्द्र साहू का सहयोग रहा। संस्थान के पदाधिकारी ने बताया कि 22 दिसंबर रविवार को गंगरेल में योग शक्ति दिवस का आयोजन किया गया है। सुबह 8 से 9:30 बजे तक योग कराया जाएगा। इसके साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी रखी गई है।

### लिमतरा सोसाइटी में आंनद ने संभाला कार्यभार



**धमतरी।** ग्राम पंचायत लिमतरा सोसाइटी में आंनद चंद्राकर ने कार्यभार संभाला। श्री चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि सभी से सहयोग से सोसाइटी की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे। जुलाई माह में पौधरोपण किया जायेगा। इस अवसर पर अधिकारी प्रेम साहू समेत परेवाडीह एवं धौराभाठा के कृषक उपस्थित थे।


लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरुषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

17 दिसम्बर मंगलवार गायत्री मंदिर कुरूद
18 दिसम्बर बुधवार सूरज मेडिकल धमतरी
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
ठंड में गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
शुगर, बी.पी. थायराइड कोलेस्ट्रॉल यौन समस्या का विशेष उपचार
नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर
लगभग 1500/- की जांच बिलकुल फ्री
• ECG (हार्ट की जांच), BMI (हड्डी की जांच)
• मोटापे की जांच
• पाईल्स, भंगदर की जांच मशीन द्वारा
• खून की जांच FREE थायराइड, हीमोग्लोबिन कैल्शियम, यूरिक एसिड, कॉलेस्ट्रॉल
Dr Lal PathLabs
रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर
सुबह 10 से 4 बजे तक
मूत्र रोग : पेशाब करते समय जलन, दर्द, कमजोर धार, ताकत लगाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, झाग, बदूब, पेनिस में छाले, UTI, प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न, यौन कमजोरी
स्त्री रोग : पुराना सिर दर्द (माइग्रेन) PCOD (महीना अच्छे से न आना), सफेद पानी (Leucorrhoea), ब्रेस्ट में गाठ (Fibroadenoma)
पेट एवं गुदा रोग : गैस, भूख न लगना, कब्ज (पेट साफ न होना) पाईल्स, भगन्दर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, मवाद एवं खून आना का दवा द्वारा संपूर्ण निदान।

दवाईयों पर 50% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
कृपया फोन पर रजिस्ट्रेशन करायें
8982316464, 9406004581
धमतरी - सूरज मेडिकल, घड़ी चौक के पास, धमतरी (छ.ग.)
कुरूद - गायत्री मंदिर, कुरूद (छ.ग.)